

# खाद के लिए किसान महिलाओं के साथ पहुंचे कलेक्टोरेट

## कलेक्टोरेट में करने लगे हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा, किसानों ने कहा नहीं मिली खाद तो फसल हो जाएगी बर्बाद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। देवसर, चितरंगी, सरई हो या माड़ा, खाद के लिए सभी जगह मारामारी मची हुई है। कहीं किसानों को खाद के लिए रतजगा करना पड़ रहा है, तो वही आधा सैकड़ा महिलाओं के साथ किसान कलेक्ट्रेट पहुंच खाद के लिए हंगामा शुरू कर दिया। किसानों को आक्रोश को देख कर प्रशासन ने कोतवाली पुलिस बुला लिया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।**

बता दें कि विपणन केंद्र में खाद की किल्लत है। आज दिन गुरुवार को सैकड़ों किसान खाद नहीं मिलने से नाराज होकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए और प्रदर्शन किया। हालात तनावपूर्ण होते देख बैढ़न थाना और महिला थाना की पुलिस बुलानी पड़ी। पहले किसानों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन जब वे नहीं माने



तो पुलिस ने उन्हें वहां से हटाया। कचनी गांव के किसान राम अवतार कुशवाहा ने बताया कि उन्हें अब तक एक भी बोरी यूरिया नहीं मिल पाई है। फसलें सूख रही हैं और अगर जल्द खाद नहीं मिली तो भारी नुकसान हो सकता है। विपणन में खाद की कमी के चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा ही है। शहर से लेकर गांव तक खाद के लिए अन्नदाता परेशान हैं। जहां खाद मिलने की संभावना से किसान कतार में खड़ा नजर आ रहा है। एक बोरी खाद के लिए किसान को सुबह से ही लाइन लगानी पड़ रही है, लेकिन खाद उसे नहीं मिल रही है। खाद वितरण की तमाम प्रशासनिक व्यवस्था के बावजूद किसानों को खाद के मामले में निराशा का सामना करना पड़ रहा है। इधर बता दें कि खाद को लेकर किसान 24 घंटे विपणन संघ कार्यालय के सामने बैठे हुये हैं। ऐसे में अगर खाद न मिले तो किसान आखिर कलेक्ट्रेट न जाये तो कहां जाये और किससे फरियाद करें ?

### सुबह 5 बजे से लाइन में लगे किसान

खाद की किल्लत इस तरह से देखकर समझा जा सकता है। किसान सुबह से ही खाद के लिए कतार में खड़े हो गए थे, लेकिन उन्हें 6 से 8 घंटे कतार में खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिली। किसानों ने एक एकड़ में कम से कम एक बोरी खाद दिलाने की मांग की। बता दें कि सुबह का इंतजार किसान नही करते, आधी रात से ही लाईन लगाकर खड़े हो जाते हैं, ताकि उन्हें खाद मिल सके। आज अल सुबह से ही किसान लाईन लगाकर खड़े थे और उन्हें सुबह 9:30 पर इस बात की जानकारी दी कि खाद नही है। ऐसे में किसान काफी आक्रोषित हो गये। किसानों के आक्रोष को देखते हुये विपणन संघ कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर बैरीकेट लगा दिया गया है। ताकि किसान सड़क पर हंगामा न करे और पुलिस के कुछ जवान खड़े हो गये।

### खाद की ब्लैक मार्केटिंग का आरोप

किसानों ने वितरण केंद्र पर यूरिया खुलेआम ब्लैक में बेचे जाने का आरोप लगाया है। किसानों ने आरोप लगाया कि किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है। इसके साथ ही वितरण केंद्र पर व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। कहा गया कि यूरिया वितरण केंद्र पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही धूप-बारिश से बचाव के इंतजाम। ऐसे में किसान खुले आसमान के नीचे तपती धूप में खाद के आस में मजबूरन खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते हैं। कई दर्जन किसान तो ऐसे मिले, जिनके पास टोकन था, इसके बावजूद उन्हें खाद नही मिल पाई। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि जिले के कई ऐसे किसान हैं, जो अपने नात-रिश्तेदारों व अन्य जिले एवं अन्य प्रांतों में भेजवा रहे हैं। जिसके चलते जिले के किसानों को खाद के लिए कहीं न कहीं असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना :-

जिले में अब तक 9 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। जबकि जिले को करीब 8 मैट्रिक टन यूरिया की जरूरत थी। उन्होंने बताया कि पहले ही अतिरिक्त खाद की मांग भेजी जा चुकी थी। किसानों की परेशानी को देखते हुए दोबारा मांग भेजी गई है। एक हफ्ते के भीतर यूरिया का नया स्टॉक जिले में पहुंच जाएगा।

**पीके मिश्रा**
अपर आयुक्त सहकारिता, सिंगरौली

# परिवहन विभाग का दो स्थानों पर चला चेकिंग अभियान

## 1 लाख 37 हजार रुपए का वसूला जुर्माना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। परिवहन विभाग ने जयंत और निगाही में बिना टैक्स दौड़ने वाले वाहनों को जप्त किया है, तो वही 8 जप्त वाहनों से एक लाख 37 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। परिवहन विभाग के इस कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा है।**



मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश पर परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर ने आज दिन गुरूवार को जयंत चौकी और नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहनों की जांच के दौरान कई वाहनों को चेक किया गया। जहां बिना टैक्स जमा किए ट्रक और टैकर मिले वहीं निगाही में बिना वैध दस्तावेज के एक ट्रैक्टर पकड़ाया। चेकिंग के दौरान आठ वाहन नियम विरूद्ध चलते पाए गए। वाहनों को जप्त किया गया है। जहां 8 जप्त वाहनों से 1 लाख 37 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। परिवहन अधिकारी ने कहा है कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क पर चलते समय परिवहन नियमों का पालन करें, सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें और सुरक्षित ढंग से वाहन चलाएं।

### एक नजर में

#### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमला प्रसाद वैश्य ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**सिंगरौली।** जिले के विधानसभा क्षेत्र चितरंगी के मिसिरगवां निवासी कमला प्रसाद बैस सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के हाथों चुरहट सांड़ा पहुंच कांग्रेस की सदस्यता ली है। चितरंगी वैश्य समाज के वरिष्ठ सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक कमला प्रसाद वैश्य ग्राम मिसिरगवां द्वारा कांग्रेस पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट के हाथों कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संकठा सिंह सहित सीधी-मऊगंज के अध्यक्ष गण सहित तमाम वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

#### ननि के सहायक आयुक्त को वाहन व स्टोर का मिला प्रभार

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवागत आयुक्त सविता प्रधान ने ज्वाइंन करते ही अधिकारियों के कार्य व दायित्वों का विभाजन करने लगी हैं। वहीं आज दिन गुरूवार को आयुक्त ने कार्यालयीन कार्य व्यवस्था के दृष्टिगत पूर्व में जारी आदेश में संसोधन करते हुये सहायक आयुक्त नगर निगम सिंगरौली एचएम श्रीवास्तव को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ वाहन अधिकारी एवं स्टोर प्रभारी का कार्य सौपा गया है। नवागत आयुक्त के द्वारा नगर निगम में पदभार ग्रहण करने के बाद काफी फेरबदल किया जा रहा है। ताकि नगर निगम की कार्य व्यवस्था में सुधार हो सके और विकास में प्रगति दिखाई जा सके।

# सिंगरौली 85 .5 फीसदी शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण कर प्रदेश में रहा टॉप

## जिला ग्रुप में 84 .66 अंक पाकर प्रदेश में दूसरा स्थान अर्जित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। सीएम हेल्पलाइन की जारी रैंकिंग में जिले में माह जुलाई में प्राप्त कुल 7563 शिकायतों में से 6466 शिकायतें 85.50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला कुल ग्रेडिंग पॉइंट 84.66 अंक के साथ ग्रुप में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा।**




प्रदेश स्तर से जारी रैंकिंग में जिले के 11 विभागो टॉप 5 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे है। जिसमें वन विभाग अपने ग्रुप में प्रथम, गृह विभाग, नगर निगम सिंगरौली, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग अपने ग्रुप में द्वितीय स्थान में रहे जारी रैंकिंग में राजस्व विभाग विभाग, किसान कल्याण विभाग तीसरा तथा सामाजिक न्याय, जल संसाधन, वन विभाग, खनिज विभाग, कुटीर ग्रामोद्योग विभाग 100 ग्रेडिंग अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहले स्थान पर रहे है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि यह उपलब्धि लेवल एक एवं लेवल दो अधिकारियों द्वारा किये गए अथक परिश्रम का परिणाम है। इन अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं समन्वय बनाकर उनके शिकायतो का निरकारण किया गया। उन्होंने कहा कि 14.5 प्रतिशत शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद नही हो पाई हैं, कारण यह रहा है कि ऐसी शिकायतें नौकरी मांगें जाने की, बिना पात्रता के आर्थिक सहायता या पारिवारिक विवादों के चलते परिवार के सदस्यों में सामजस्य न होने या पात्रता न होने पर भी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन करना रहा है। जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कलेक्टर ने अपेक्षा की है कि जिस तरह से विगत माहों एवं इस माह में संयुक्त प्रयास प्रदेश स्तर पर रैंकिंग में स्थान हासिल किया गया, उसी प्रकार आगामी माहों में भी प्रदर्शन कर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को निरंतर रखने के तत्पर रहे।

# स्थानांतरण के बाद भी देवसर तहसील के बाबू नहीं खाली कर रहे सरकारी आवास

## नहीं खाली किया सरकारी कमरा, सरकारी आवास में वर्षों से बंद है ताला, मरम्मत न होने से मकान हो रहे जर्जर

नवभारत न्यूज

**देवसर 21 अगस्त। पद से हटने या फिर स्थानांतरण होने के बाद सरकार के बड़े ओहदे पर बैठे अधिकारी व कर्मचारी आवास खाली नही करते हैं, जिससे उस आवास का लाभ अन्य जरुरत मंद अधिकारियों या फिर कर्मचारियों मिल सके। लेकिन देवसर तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी एवं बाबू का हाल इसके विपरित है। यहां से वर्षो पहले स्थानांतरण के होने के बाद भी वे आवास को खाली नहीं किये हैं।**



जबकि उन मकानों का वे उपयोग नहीं कर रहे। महज ताला बंद कर उस पर कब्जा जमाये हुये हैं। इसे उनकी लापरवाही माने या फिर हेकड़ी। उनकी इस करतूत से अव्यवस्था का आलम है। जरुरत मंद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये वह मकान उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं। देवसर तहसील में पदस्थ रहे राजस्व निरीक्षक बलजीत रावत वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनके नाम से पीडब्लयू डीआर 41बी मकान आवंटित है। सेवानिवत्त होने के बाद भी इन्होंने आवास को खाली नहीं किया है। अभी भी आवास में निवास कर रहे हैं। जबकि इन्हें आवास खाली कर देना चाहिये। इसी प्रकार देवसर एसडीएम कार्यालय के भू-अर्जन शाखा में तत्कालीन रीडर भालचन्द्र डेहरिया को पीडब्लूडीआर 35 आवास आवंटित हैं। इनका यहां से स्थानांतरण हो चुका है। स्थानांतरण के साथ ही इन्हें आवास खाली नही कर रहे हैं। वही एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रीडर पंकज चौधरी की भी मनमानी कम नहीं हैं। इन्होंने भी बलजीत एवं भालचन्द्र की तरह ही वर्षो से सरकारी आवास में कब्जा जमाये हुये हैं। तहसील के पास ही स्थित पीडब्ल्यूडी के मकान में इन्होंने कब्जा जमाये हुये हैं। आवास में ताला बंद किये हुये हैं। न तो आवास का उपयोग कर रहे हैं और ना ही उसे खाली कर रहे हैं। साथ ही तहसील एवं एसडीएम कार्यालय सहित अन्य विभागों में वर्तमान में कई अधिकारी एवं कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें वास्तव में सरकारी आवास की जरुरत है, लेकिन उन्हें सरकारी आवास नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में वे अन्य निजी मकानों को किराये पर लेकर रह रहे हैं। जहां उन्हें कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं।

# एनटीपीसी विंध्याचल को 16वें एलएंडडी अवॉर्ड्स में मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 21 अगस्त। रीजनल लर्निंग इंस्टीट्यूट विंध्याचल को 16वें लीडरशिप इंडिया समिट एंड अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी लर्निंग प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित हुआ।**




इस गौरवपूर्ण अवसर पर राघवेंद्र प्रसाद अपर महाप्रबंधक ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया, जो कि सम्पूर्ण स्टेशन के लिए गर्व का क्षण रहा। यह सम्मान आरएलआई विंध्याचल द्वारा किए गए अभिनव और प्रभावशाली लर्निंग पहलों को मान्यता देता है, जिन्होंने न केवल एक नई मिसाल कायम की है, बल्कि एनटीपीसी की निरंतर विकास और पेशेवर उत्कृष्टता की संस्कृति को भी सुदृढ़ किया है। इस उपलब्धि से संस्थान की प्रतिबद्धता और गुणवत्ता-प्रधान प्रशिक्षण दृष्टिकोण की पुष्टि होती है, जिससे एनटीपीसी के कर्मचारियों के कौशल और दक्षता में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# महिलाओं को अदाणी ने सिलाई प्रशिक्षण देकर बनाया आत्मनिर्भर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। सरई तहसील के धिरौली, झलरी, बजौड़ी, डोंगरी, अमरईखोह, बेलवार और बासी बेरदहा गांवों में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सक्षम योजना के तहत सिंगरौली क्लस्टर में विशेष पहल के तहत अब तक 120 महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा चूका है।**

अब इन सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षित महिला ट्रेनर भी बन चुकी है। झलरी, खनुआ और धिरौली गांवों में पिछले तीन वर्ष में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और प्रत्येक केंद्र पर 20 आधुनिक सिलाई मशीने उपलब्ध कराई गई हैं, जहां हर बैच में 20 स्थानीय महिलाओं और किशोरियों को तीन महीने का प्रशिक्षण मिलता है। सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर लाभार्थियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, जिससे उनके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर खुलते हैं। वही पिछले तीन वर्षों से चल रहे नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण की इस पहल ने ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है।

# ननि सहायक आयुक्त ने शहर की साफ-सफाई का लिया जायजा

## बस स्टैण्ड, सब्जी मंडी सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण, सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। नगर पालिक निगम सिंगरौली की सहायक आयुक्त व नोडल अधिकारी स्वच्छता रूपाली द्विवेदी ने आज अपने प्रात: भ्रमण में बस स्टैड बैढ़न में बने सुलभ शौचालय यात्री प्रतीक्षालय सब्जी मंडी औचक निरीक्षण कर साफ -सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।**



सहायक आयुक्त ने साफ-सफाई को लेकर कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निदान करने के निर्देशित किया। साथ ही कहा कि अगली बार साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिली तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सुलभ इंचार्ज एवं सफाई इंचार्ज को सफाई व्यवस्था के लिए निर्देशित किया और शहरवासियों से साफ -सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सही है कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का कार्य निगम का है, मगर नागरिको का भी कर्तव्य बनता है कि शहर की साफ -सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग दे। हर घर परिवार के लोग कम से कम अपने घर की पूर्ण जिम्मेदारी ले की कचड़ा खुले में नही फेकेंगे। निगम द्वारा संचालित कचड़ा वाहन में ही सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग कर के देंगे। इस दौरान नवजीवन विहार प्रभारी सन्तोष तिवारी, अमरेश पाण्डेय, विशाल सोनी, अशोक त्रिपाठी, रामशरण, रावेन्द्र सिंह, अविनाश सिंह सहित मौजूद रहे।

# निगम में सुविधा की दृष्टि से बनाया जाए हेल्पडेस्क : सविता

## नवागत आयुक्त सविता प्रधान ने निगम कार्यालय का किया निरीक्षण, अधिकारियों के लिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने आज दिन गुरूवार को निगम के कार्यालयों का निरीक्षण किया।**

इस दौरान वे कार्यालय के सभी कक्षो में जाकर वहां रखे गये फाइलों, कागजातों को देखा। निगामायुक्त ने नगर निगम कार्यालय में आने आम नागरिको की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशित किया कि नागरिको को एक ही जगह से समस्त जानकारी मिल सके, इसके लिए हेल्पडेस्क स्थापित कराये। उनके बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा कुर्सियों का प्रबंध भी करे, ताकि कार्यालय में आने वाले आमजन एक जगह आराम से बैठ सके। कक्षों व शौचालय को साफ-सुथरा रखने की हिदायत दी तथा कार्यालय में आवश्यक कार्यों को लेकर आने वाले नागरिको के कार्यो को त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, प्रवीण गोस्वामी, इन्द्रवेश यादव मौजूद रहे।



# अंतरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में निगाही टीम रही विजेता

## एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता एनएससी में आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। एनसीएल के एनएससी में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।**




अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में 7 मैच खेले गए, जिनमें 78 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप में निगाही की टीम ने विजेता खिताब अपने नाम किया एवं जयंत की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक एनसीएल राजेश त्रिवेदी, सीएमएस, एनएससी, डॉ. पंकज कुमार, अजय कुमार, लाल पुष्पराज सिंह, अशोक मिश्रा, अशोक कुमार पाण्डेय अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश त्रिवेदी ने कहा कि शतरंज के खेल में भी प्रबंधन की तरह पूर्व नियोजन, निरंतर मेहनत एवं त्वरित निर्णय लेना शामिल होता है एवं इस से खिलाड़ियों में रणनीतिक सोच, निर्णय लेने की क्षमता में सुधार और रचनात्मकता का भी विकास होता है।


# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहा चितरंगी क्षेत्र

## डेढ़ दशक पूर्व की आने लगी याद, राज्यमंत्री के गृह क्षेत्र में बिजली की समस्या, अब बन रही आंदोलन की तैयारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 अगस्त। लो वोल्टेज की समस्या से चितरंगी क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। डेढ़ दशक पूर्व दिग्विजय सरकार की याद दिलाने लगी है। यह राज्यमंत्री के गृह क्षेत्र में बिजली की समस्या महीनों से बनी हुई है। अब हालात को देखते हुये क्षेत्र की जनता आंदोलन करने की तैयारी में लग गई है।**

गौरतलब है कि म.प्र. में जब कांग्रेस की सरकार थी और प्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह थे, उस दौरान प्रदेश की जनता बिजली की समस्या से जूझ रही थी। बिजली, सड़क की समस्या ने सरकार को गिरा दिया था। लेकिन वर्तमान में चितरंगी क्षेत्र की लो वोल्टेज की जो समस्या एक महीने से क्षेत्र की जनता झेल रही है, ऐसे में डेढ़ दशक पूर्व के कार्यकाल की याद जनता को सताने लगी है। हालात इतने खराब हो गये हैं कि 24 घंटे में सैकड़ों बार लाईट कट रही है। आ भी रही है तो लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। ऐसे में किसान, छात्रों के अलावा आम उपभोक्ता परेशान हैं। इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल लहलहा रही है। कुछ ऐसे किसान हैं, जिनकी फसलों में समय-समय पर पानी की आवश्यकता है। उबड़-खाबड़ खेत होने के चलते बारिश का पानी भी नही रूकता, ऐसे में किसान ट्यूबेल के माध्यम से सिचाई करते हैं, लेकिन लो वोल्टेज के चलते खेतों की सिचाई नही हो पा रही है। क्षेत्रीय जनता कई बार विद्युत विभाग के आलाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम के अलावा लिखित सूचना दे चुके हैं कि चितरंगी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से जनता त्रस्त हो चुकी है। विद्युत व्यवस्था में सुधार कराया जाये, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चितरंगी क्षेत्र में व्याप्त लो वोल्टेज की समस्या को लेकर संजीदा नही दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि अब जनमानस में बिजली विभाग के कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोष पनप रहा है। हालात को देखते हुये क्षेत्रीय जनता आंदोलन का रूप अपनाने की तैयारी में जुट चुकी है। अगर व्यवस्था में सुधार नही हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे।



CMYK